# हादसे में दो महिलाओं की मौत

## रूड़की रोड़ पर सड़क दुर्घटना में दो भाई गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटनाओं में दो महिला की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए है। कोतवाली क्षेत्र में बाइक सवार फस्ट इयर के छात्र की बाइक में मैक्स गाडी ने टक्कर मारी और शाहपुर क्षेत्र में बाइक सवार महिला को डीसीएम ने अपनी चपेट में ले लिया। वहीं हाईवे के पुरकाजी क्षेत्र में एक महिला की हादसे में मौत हो गई पुलिस ने दोनो शवों का पोस्टमार्टम करा दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पीनना निवासी नीशा पत्नी राजू 25 वर्ष बीती रात रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के लिए पीनना आ रहे थे राजू काफी समय से हरिद्वार में रहकर प्रेस प्रिंटिंग का काम करता है। और वह अपनी पत्नी को लेकर गांव आ रहा था जहां पुरकाजी के निकट अचानक ही पहिया गड्डे में गिर जाने के कारण सड़क पर गिरकर लहुलूहान हो गई घायल को स्थानीय अस्पताल से जिला अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने नीशा को मृतक घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। एक अन्य घटना शाहपुर में हुई है कस्बा बुढ़ाना के गांव हरिया खेडा निवासी कमलेश पत्नी जनेश्वरदास अपने पौते नितिन के साथ बाइक द्वारा तेरहमी में शामिल होने के लिए आई थी दादी-पौते जब बाइक द्वारा शहर से अपने गांव लौट रहे थे तो शाहपुर क्षेत्र में डीसीएम ने उन्हे टक्कर मार दी। इस हादसे में कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गई और नितिन के भी हल्की चोटे आई। अस्पताल लाने के बाद कमलेश को मृतक घोषित कर दिया गया। सूचना के बाद परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंचे और पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बामनहेडी निवासी 19 वर्षीय वशु पुत्र राजवीर बी-कॉम फस्ट इयर का छात्र है और वह रक्षा बंधन के त्यौहार पर अपनी बहन के लिए मिठाई खरीदने के लिए बामनहेडी के जनकपुरी आया था इसी बीच मैक्स गाडी ने बाइक सवार वाशु को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बाइक पर वाशु का छोटा भाई भी था उसको भी चोटे आई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन शुरू कर दी।

# रक्षाबंधन का उत्साह: शहर की सड़कों व हाइवे पर जाम

■ ट्रेन-बसों व डगामार वाहनों में सफर की होड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बारिश से जलभराव और ट्रैफिक जाम रक्षाबंधन पर ग्रहण सा बन गया। जाम के कारण बहने सडको पर लगे जाम में घंटों फसी रही। इसके चलते शुभ महूर्त में राखियां तक बाँधने की परेशानी में बहने डूब गई। कुछ जगह जल भराव घरों पानी भरने से त्योहार का रंग फीका पड गया।

रक्षाबंधन पर बारिश इतनी तेज हुई की उत्साह पर पानी फेर दिया। जलभराव और ट्रैफिक जाम से लोग परेशान हैं। मौसम विभाग का रेड अलर्ट, दिनभर बारिश की संभावना जताई है। सुबह से ही झमाझम बारिश ने बहनों की मुश्किलें बढा दी हैं। जहां भाई-बहन के प्यार का ये पर्व खुशियां बांटने वाला होता है, वहीं सडघ्कों पर जलभराव और ट्रैफिक जाम ने लोगों का उत्साह थोडा फीका कर दिया। इसके साथ ही सडकों और हाइवे पर दिनभर जाम लगा रहा। और वाहन रेंग रेंग कर चलते रहे जिससे थोडी दूर का सफर तय करने में भी राहगीरों को घंटों का समय देना पडा। ट्रेनों और बसों में सफर करने के लिए भी मुसाफिरों में होड लगी रही इसके अलावा डग्गामार वाहनों चालकों ने भी जमकर चांदी काटी।

शहर से लेकर देहात तक की सडके पर भी दिनभर वाहनों के साथ दुपहिया वाहनों की भागमभाग रही। रक्षा बंधन का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और बहनों ने भाईयों की कलाइयों पर रक्षा का सूत्र बांधकर उनके दीघायु होने की कामना की तो भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन दिया।


मुजफ्फरनगर: रक्षाबंधन पर बहने भाइयों की कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांधती हुई।


मुजफ्फरनगर: फ्री यात्रा के लिए रोडवेज बसों में रही यात्रियों की मारामारी।


मुजफ्फरनगर: जिला कारागार के बाहर लगी बहनों की लाइन।


बसों में जगह न मिलने पर डग्गामार वाहनों में यात्रा करने को मजबूर होते यात्री।

# जीएसटी अनियमितता के मामले में उद्योगपति पर अफसरों का शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जीएसटी विभाग की मेरठ यूनिट ने जनपद के एक उद्योगपति को जीएसटी भुगतान से जुड़े लेनदेन में गड़बड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान जीएसटी में अनियमिता पाई गई थी। अधिका. रियों ने बताया कि उद्योगपति ने विभिन्न पफर्मों के नाम पर फर्जी लेनदेन दिखाकर जीएसटी की बड़ी राशि का भुगतान करने से बचने की कोशिश की। विभाग ने मामले में आवश्यक दस्तावेज जब्त कर लिए हैं और आगे की जांच जारी है।

जनपद मुजफ्फरनगर में उद्योग जगत को झकझोर देने वाली बड़ी कार्रवाई से हड़कम्प मचा हुआ है। जीएसटी विभाग ने टैक्स मामले में अनियमितता करने आरोप में प्रतिष्ठित उद्योगपति को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ये उद्योगपति लंबे समय से विभाग की जांच के दायरे तथा निगरानी में थे। विभागीय सूत्रों के अनुसार, उद्योग. पति पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी बिलों के जरिए इनपुट टैक्स क्रेडिट यआईटीसी का अनुचित लाभ उठाया, फर्जी फर्मों से भुगतान के लेन-देन विसंगति की। जीएसटी विभाग ने पूछताछ के लिए कई बार समन जारी किया। डिप्टी कमिश्नर श्रेया गुप्ता के निर्देशन में जीएसटी अधिकारी संजय राणा ने उन्हें मेरठ और देहरादून कार्यालय में बुलाया था और शुक्रवार को जीएसटी अनियमितता में उन्हें देहरादून से गिरफ्तार कर मेरठ लाया गया। गिरफ्तारी के बाद उनको मेरठ के सीजेएम की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

अब सोमवार को उन्हें जिला जज की अदालत में पेश किया जाएगा, जहाँ उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। जीएसटी विभाग ने उनके कार्यालय, गोदाम और आवासीय परिसर पर एक साथ छापेमारी की थी। इस दौरान विभाग को कई अहम दस्तावेज और डिजिटल डेटा मिला, जिससे जीएसटी में अनियमिता मिली और यह कार्यवाही की गई है।

# भ्रमण पर निकले मंत्री कपिल देव ने बहनों से बंधवाई राखी

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और नगर विधायक कपिल देव अगव्राल ने शनिवार की सुबह गांधीनगर क्षेत्र में भ्रमण के दौरान अपने दायित्व का निर्वहन करती बहनों से रक्षा-सूत्र बंधवाकर रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनायें दी। रक्षा बंधन पर्व के अवसर पर मंत्री कपिल देव ने कहा कि हिंदू-समाज की पहचान सदियों से उसकी उत्सवप्रिय और जीवंत संस्कृति रही है। प्राचीन काल से ही हमारे सनातन धर्म में उत्सवों को विशेष स्थान प्राप्त है। कुछ उत्सव व्यक्तिगत भावनाओं से जुड़े होते हैं, तो कुछ समाज की एकता और सामूहिक चेतना के प्रतीक बन जाते हैं। इन्हीं में से एक है, रक्षाबंधन एक ऐसा पर्व जो अनादि काल से हमारे जीवन का हिस्सा रहा है। मध्ययुगीन आक्रमणों के दौर में, जब समाज में महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा संकट में पड़ गई, तब बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा-सूत्र बाँधने की परंपरा को नए अर्थ मिले। यह धागा केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि सुरक्षा, विश्वास और सम्मान का वचन बन गया। मंत्री कपिल देव ने कहा कि वास्तव में रक्षाबंधन का संदेश केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं है। इसका सच्चा उद्देश्य है कि पूरा समाज एक-दूसरे का रक्षक बने,ख्रआपसी सहयोग, विश्वास और एकजुटता से मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जाए। कहा कि सनातन धर्म और संस्कृति में श्रावण पूर्णिमा को रक्षा-सूत्र बाँधने की परंपरा, सामूहिक सुरक्षा और बंधुत्व की भावना को पीढ़ी दर पीढ़ी संजोए हुए है। यह पवित्र रेशमी सूत्र आज भी हमें याद दिलाता है कि संगठित और जागरूक समाज ही एक अजेय राष्ट्र की नींव रखता है।

# जेल में 921 बहनों ने बांधी राखी

**मुजफ्फरनगर।** जिला कारागार में भी रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया सवेरे से ही जेल के बाहर अपने बंदी भाईयों की कलाइयों पर राखी बांधने आई बहनों की लम्बी कतारे लग गई थी। जेल प्रशासन ने रक्षा बंधन के त्यौहार को धूमधाम से मनाने के लिए पूरी तरह व्यवस्थाएं की थी। जेल अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि इस बार 921 बहनों ने अपने भाईयों की कलाइयों पर राखी बांधी है इनमें हिन्दू और मुस्लिम दोनो ही समुदाय की महिलाए शामिल रही। जेल प्रशासन ने मैन द्वार पर गहन चौकिंग की और सैनीडाइजेक्शन की प्रक्रिया पूरी की इसके बाद ही उन्हे जेल के अंदर जाने दिया गया। जेल प्रशासन ने इस बार अपनी ओर से मिठाई की भी व्यवस्था की थी। बंदी भाईयों हाथों पर राखी बांधने आई बहने इस दौरान बडी खुश नजर आई।

## एक नजर...

# वर्चस्व के लिए फायरिंग करने वाला आरोपी मुठभेड़ में दबोचा

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ में ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है जो खौफ पैदा करने के लिए दो मकानों पर फायरिंग कर दहशत फैला चुका था, पुलिस ने घेराबंदी कर घायल बदमाश के एक ओर साथी को दबोचा है और उनके कब्जे से एक पिस्टल, एक तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद होना बताया है। सीओ मंडी राजू साव ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन अगस्त की रात्रि के मंडी क्षेत्र के बचन सिंह कॉलौनी में एक मकान पर फायरिंग की गई थी जिसका मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। शनिवार को एक सूचना के आधार पर हाईवे पर पचैण्डा पुल के पास पुलिस ने संदिग्ध युवक को रोका तो वह नसीरपुर मार्ग पर भागने लगे। जब उन्हे रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशो ने गोली चला दी और जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया और उसके दूसरे साथी को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। सीओ ने बताया कि घायल बदमाश का नाम हर्ष चौधरी पुत्र मनोज कुमार निवासी सुभाष नगर थाना नई मंडी व उसके साथी नमन बरार पुत्र सुखजीत सिंह निवासी खौट सुखिया थाना कोटपुरा जनपद फरीदकोट पंजाब को भी गिरफ्तार कर लिया गया। हर्ष चौधरी ने कुछ माह पूर्व एक ओर मकान पर फायरिंग की थी पुलिस का कहना है कि वर्चस्व के लिए इन दोनों वारदातों को अजांम दिया गया था पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती करा दिया।

# स्टेशन व बस अड्डों पर चला चैकिंग अभियान, होटल भी किए चेक

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में कानून व्यवस्था व शांति बनाए रखने के लिए एलआईयू व डॉग स्क्वायड टीम ने एएस चेक टीम के साथ मिलकर रेलवे स्टेशन व बस अड्डों पर चैकिंग अभियान चलाया। रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आई, क्योंकि आज के दिन बहने अपने भाईयों के हाथों पर राखी बांधने के लिए अलग-अलग जनपद व गांवों में जाती है इसी के चलते खूफिया विभाग व अन्य टीम ने रेलवे स्टेशन, बस अड्डे व भीड वाले स्थानों पर चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान डाग स्क्वायड टीम भी साथ रही। चैकिंग करने वाली टीम ने आने जाने वाले लोगों से यहां आने का कारण पूछा और होटल स्वामियों को सख्त चेतावनी दी कि वैध आईडी प्रूफ बिना किसी व्यक्ति को होटल में कमरा न दिया जाए। उन्होने यात्रियों से भी कहा कि संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी उन्हे दी जाए।

# कई सीओ बदले, मिश्रा बने सीओ सिटी

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने कई सीओ को इधर से उधर किया है तो कुछ को नया चार्ज सौंपा है। एसएसपी ने जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाने व अपराधियों पर लगाम कसने क लिए कुछ क्षेत्राधिकारियों के कार्यभार बदले है। उन्होने सीओ सिटी राजू साव को नई मंडी सीओ नियुक्त किया है। और रूपाली राव को मंडी से फुगाना का चार्ज सौंपा है।

सीओ भोपा रवि शंकर मिश्रा को सदर की जिम्मेदारी सौंपी गई है और सीओ सदर देवव्रत वाजपाइ को भोपा सीओ का कार्यभार सौंपा है। आईपीएस सिद्धार्थ के मिश्रा को सीओ सिटी और ऋषिका सिंह को सीओ ट्रेफिक यातायात बनाया है।

# रामपुर में युवक की रहस्यमय मौत

**मुजफ्फरनगर।** रहस्यमय चली गोली से छपार क्षेत्र के गांव रामपुर मे एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छपार थाना क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी अंशु पुत्र प्रशांत की रहस्मय मौत हो गई। चर्चा है अंशुल गोली लगने से घायल हुआ था और उसको अस्पताल लाया गया था। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। अंशु की मौत को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं है। और कम उम्र में मौत होने से परिवार में भी कोहराम मचा है।


मोरना: गांव मजलिसपुर के प्राथमिक विद्यालय में भरा बाढ़ का पानी।

# मजलिसपुर खादर क्षेत्र में उफान पर सोलानी नदी

■ उत्तराखंड से कटा राज्य, जलभराव के चलते लक्सर मार्ग हुआ बन्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर, महाराजनगर, खैरनगर, सिताबपुरी आदि गांवों में खेतों सहित अनेक घरों में बाढ़ का पानी घुस आया है, जिसके चलते ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। सोलानी नदी के किनारे आबाद मजलिपुर तौफीर के जंगल मे पानी दूर-दूर तक फैल गया है

खेतो मे पानी भर जाने से पशुओं के लिए हरे चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं गांव में स्वच्छ पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो गयी है। मुख्य मार्ग पर पानी आ जाने के कारण छोटे वाहनों का गुजरना बंद हो गया है।

ग्रामीण ट्रेक्टर से मोरना भोकरहेड़ी आकर आवश्यक सामग्री की पूर्ति कर रहे हैं। गांव स्थित प्राथमिक विद्यालयों मे पानी भर गया है। जंगल से लगी आबादी के अनेक घरों मे पानी घुस गया है। ग्रामीण दूसरे स्थानों पर जाकर शरण ले रहे हैं। प्रशासन द्वारा बाढ़ चौकी स्थापित की गयी है। जहां स्वास्थ्य विभाग व पशु चिकित्सा विभाग केम्प लगाये हुए है साथ ही तहसील अधिकारी पुलिस अधिकारी स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं।


मुजफ्फरनगर: त्योहारके कारण जगह-जगह देखने को मिले ऐसे दृश्य।

# दो युवतियों ने रचाई शादी, पुलिस से मांगी सुरक्षा

■ परिजन व पुलिस भी नहीं समझा सके दोनो युवतियों को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तितावी क्षेत्र में खानदानी बेहनों द्वारा की गई शादी को कई दिन बीत चुके है, लेकिन अभी यह शादी चर्चा का विषय बनी हुई है, हालांकि शादी की जानकारी मिलते ही दोनो के परिजनों ने कडे कदम उठाए थे और यह मामला तितावी थाने तक पहुंच गया है, लेकिन कानूनी प्रक्रिया के सामने पुलिस ने भी इस मामले से हाथ खडे कर दिए है। थाने पहुंची दोनो लडकियों ने पुलिस को बताया था कि वह एक वर्ष से लिविंग रिलेशनशिप में रह रही है और वह किसी कीमत पर अलग नहीं होगे इसके लिए उन्हे चाहे कितनी भी कठिनाइया उठानी पड़े। परिजनों ने भी थाने पहुंचकर लडकियों को अलग करने और अपनी-अपनी सुपुर्दगी में करने की बात कही थी, लेकिन दोनो युवतियों का कहना था कि वह अब शादी कर चुकी है और वह अलग नहीं हो सकती। पुलिस ने भी एक बार समझाने का प्रयास किया था, लेकिन दीपांशु और निकिता ने सिर्फ पुलिस से इतना ही कहा कि वह थाने में सुरक्षा की मांग को लेकर आई है, क्योकि परिवार के लोग उनकी शादी से खुश नहीं है और वह उन्हे कोई भी नुकसान पहुंचा सकते है। इस दौरान पुलिस के समझाने का कोई खास प्रभाव नहीं पडा और न ही परिजन उन्हे समझा सके। दोनों ही युवतियां एक साथ चली गई अब दो युवतियों की शादी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# ब्यूटी पार्लर के सामने डंडे बाजी करने मे चार गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के एटूजेड रोड पर एक पार्लर के सामने सरेआम युवक की धुनाई और बाइक को डंडों से तोडने का वीडियो वायरल होने के बाद कार्यवाही की है। पुलिस ने इस मामले में चार युवकों को गिरफ्तार किया है।

वायरल वीडियो दो मिनट 59 सैकेंड की है। वीडियो में एटूजेड रोड पर एक ब्यूटी पार्लर के सामने एक युवक की पिटाई की गई। युवक की बाइक भी वहां पर सडक किनारे खडी है। मारपीट करने वाला युवक बाइक में भी डंडे मार रहा है। मौके पर काफी लोगों की भीड भी मौजूद है। एक व्यक्ति पहुंच कर मारपीट करने वाले युवक को ऐसा न करने के लिए धमकाता है लेकिन आरोपी युवक उसकी बात नही मानता। वीडियो वायरल होने पर नई मंडी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि थाना सिखेडा के गांव भंडूर निवासी तुषार व विपिन बाइक लेकर ब्यूटी पार्लर के सामने खडे थे। सहावली गांव निवासी साहिल व समद ने उन्हें वहां से जाने को कहा तो दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। चारों युवकों को पकड कर उनका चालान कर दिया गया।

शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा) C.C.-1491
POLYTECHNIC
(ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING)
(डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आई0टी0आई) C.C.-3978
(ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART) C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

# आउटसोर्सिंग महिला कर्मचारी की तहरीर पर कथित पत्रकार के खिलाफ छह धाराओं में मुकदमा दर्ज

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील में कार्यरत आउटसोर्सिंग महिला कंप्यूटर ऑपरेटर की तहरीर पर पुलिस ने स्थानीय एक कथित पत्रकार के खिलाफ छह गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपों में अवैध वसूली, जातिसूचक गालियां, अश्लील हरकत और धमकी देना का महिला ने लगाए थे आरोप।

पीड़िता आरती, जो कि एक साल से खतौली तहसील में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है, उसका आरोप था कि खतौली होली चौक निवासी रिंकू गुप्ता उर्फ आयुष पुत्र विनोद गुप्ता, जो खुद को रीडिंग टुडे समाचार पत्र का संपादक बताता है, पिछले एक साल से उससे अवैध वसूली करने का दबाव बना रहा था। वह पहले भी तीन हजार रुपये की जबरन वसूली कर चुका है और अब बार-बार धमकाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। पीड़िता ने बताया कि 6 अगस्त को जब वह फाइल लेकर अधिकारियों के पास जा रही थी, तभी रिंकू गुप्ता ने रास्ते में रोककर गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्द कहे और विरोध करने पर देख लेने की धमकी दी। शोर मचाने पर वहां मौजूद लोगों को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया था।

महिला और उसके परिजनों का कहना है कि आरोपी पूर्व में भी अवैध गतिविधियों में लिप्त रहा है। कुछ समय पहले एक शराब ठेकेदार से अवैध वसूली की कोशिश का उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इतना ही नहीं, वह पूर्व एसडीएम अपूर्वा यादव के तबादले और चार्ज न लेने का श्रेय भी खुद को देता रहा है, जिससे तहसील प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश करता रहा है। घटना से तहसील के कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस तहरीर लेने के बाद जांच पड़ताल कर पीड़िता की तहरीर के आधार पर रिंकू गुप्ता के खिलाफ धारा 308(2), 352, 351, 3(1)(द), 3(1)(घ), 3(2)(वीए) एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ढाकन चौक पर अर्धविक्षित युवक का तांडव, मकान की छत से किया पथराव

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे के भीड़भाड़ वाले ढाकन चौक पर शनिवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक अध. विक्षित युवक ने मकान की छत से अचानक नीचे खड़े लोगों पर ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। अचानक हुई इस घटना से क्षेत्र में भगदड़ और अफरा-तफरी मच गई। पथराव में कई लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी युवक पर काबू पाकर कोतवाली पहुंचाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सद्दी. कनगर निवासी शाह आलम, जो मान. सिक रूप से बीमार बताया जाता है और अक्सर सड़कों पर घूमता रहता है, शनिवार को अचानक ढाकन चौक स्थित वकील सागर की कोठी की छत पर चढ़ गया। थोड़ी देर बाद उसने नीचे खड़े राहगीरों, दुकानदारों और वाहनों की ओर ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। अचानक ऊपर से ईंट-पत्थर बरसते देख सड़क से गुजर रहे लोग और बाजार में मौजूद व्यापारी अपनी-अपनी दुकानों और सुरक्षित जगहों पर भाग खड़े हुए। इस दौरान कई लोगों को चोटें आईं। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस टीम ने मौके पर पहुँच अधविक्षित युवक को पकड़ कर कोतवाली पर लाकर बैठा दिया। जबकि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पथराव की इस घटना के कारण ढाकन चौक और आसपास के इलाकों में काफी देर तक दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस के अनुसार, युवक मानसिक रूप से बीमार है। उसके परिजनों को सूचना दे दी गई। सब इंस्पेक्टर विक्रांत ने बताया कि उक्त युवक अधविक्षित है जिसका उपचार चल रहा है। वही ढाकन चोक निवासी वकील अहमद पुत्र रियाजुद्दीन ने पुलिस को उक्त व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई की मांग की है।

# रक्षा सूत्र से बंधे रिश्ते, उल्लास के साथ मना रक्षा बंधन



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक पर्व रक्षा बंधन शनिवार को कस्बे में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों और गलियों में चहल-पहल रही।

बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उनके दीर्घायु जीवन और सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। शहर के विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद बहनों ने परंपरागत रूप से आरती उतारी, तिलक लगाया और मिठाई खिलाई। जवाब में भाइयों ने बहनों को उपहार देकर जीवनभर रक्षा का वचन दिया। कहीं रेशम की डोर रिश्तों को मजबूत कर रही थी, तो कहीं चांदी और मोतियों से जड़ी राखियां इस पवित्र बंधन की चमक बढ़ा रही थीं। सुबह से शुरू हुआ राखी बांधने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। बच्चों में भी पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। भाई की कलाई पर दमकती राखियां और बहनों के चेहरे की मुस्कान ने इस रिश्ते की गहराई को और भी प्रगाढ़ बना दिया।

# मुठभेड़ में शातिर चोर पुलिस की गोली से घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

जानसठ। पुलिस ने जानसठ व ककरौली मे तीन घरो मे हुई चोरी का खुलासा करते हुए मुठभेड़ के बाद एक शातिर बदमाश को घायल कर गिरफ्तार किया गया।

जानकारी के अनुसार जानसठ पुलिस वाजिदपुर मार्ग पर चेकिंग कर रही थी इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली की जानसठ व ककरौली के अंतर्गत घरो मे हुई चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर चोरी किये गये माल को बेचने या अन्य कोई चोरी की घटना को अंजाम दे सकते है सूचना के कुछ देर बाद एक मोटरसाईकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिन्हे पुलिस ने रुकने का इशारा किया लेकिन वह नही रुके और पुलिस टीम पर जान से मारने के नियत से फायरिंग कर वापस मुड़कर भागने लगे बदमाशों द्वारा की गयी फायरिंग मे पुलिसकर्मी बाल बाल बच गये।

पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया बदमाशों द्वारा मोटरसाईकिल को वाजिदपुर कव्वाली मार्ग पर मोड़ कर कुछ दूर आगे रास्ता खराब होने के कारण बदमाशों की मोटरसाइकिल असंतु. लित होकर गिर गई मोटरसाइकिल को वही छोड़ बदमाश खेतो मे छिप गये पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गई तथा आत्मसमर्पण की चेतावनी दी गई बदमाशों द्वारा पुलिस टीम से खुद को घिरा देखकर दोबारा से पुलिस टीम पर फायरिंग की गई पुलिस टीम द्वारा बदमाशो की ओर से की गई फायरिंग से स्वयं को बचाते हुए उनकी फायरिंग रेंज मे घुसकर आत्मरक्षा मे गोली चलाई जिसमे एक बदमाश के दाहिने पैर घुटने से नीचे गोली लगने से घायल हो गया तथा उसका साथी बदमाश मौके से फरार हो गया पुलिस टीम द्वारा बदमाश को घायल अवस्था मे गिरफ्तार किया गया पुलिस टीम द्वारा फरार बदमाश की काबिंग की गयी लेकिन वह भागने में कामयाब रहा पुलिस टीम द्वारा घायल बदमाश की तलाशी लेने पर एक अवैध तमंचा 315 बोर एक जिन्दा व एक खोखा कारतूस 315 बोर एक जोड़ी कान की बाली द्धपीली धातु ऋ2 जोड़ी पायल द्धसफ़ेद धातु ऋ2 अंगूठी द्धसफ़ेद धातु ऋ दो जोड़ी पाजेब सफेद धातु एक जोड़ी बच्चों के कड़े सफेद धातु दो सिक्के सफेद धातु एक जोड़ी टक्म्स पीली धातु दो कड़े पीली धातु तथा एक गले का हार पीली धातु बरामद हुआ गिरफ्तार घायल बदमाश का नाम जोगी उर्फ जोगेंद्र उर्फ मनोज पुत्र भजन लाल निवासी योगेंद्र नगर थाना भोपा मुजफ्फरनगर बताया गया और इस शातिर बदमाश के खिलाफ अलग-अलग थानों में 20 मुकदमे दर्ज है क्षेत्राधिकारी जानसठ यतेंद्र नागर ने बताया, कि पकड़ा गया बदमाश बहुत शातिर किस्म का है इस बदमाश के खिलाफ अलग-अलग थानों में करीब 20 मुकदमे दर्ज है इसने ककरौली व जानसठ क्षेत्र में तीन चोरी को अलग-अलग घटनाओं में अंजाम दिया था। इसके पास से चोरी किए गए आभूषण व 6500 रुपए बरामद किए गए हैं चोरी की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है बदमाश के विरुद्ध विधि कार्रवाई की जा रही है।

# इस्लाम नगर में फायरिंग से फैली दहशत

## युवक पर फायरिंग करने का आरोप, मौहल्ले में अफरा तफरी मची

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** विगत रात्रि खतौली के मोहल्ला इस्लाम नगर में एक परिवार में किसी बात को लेकर घर में मारपीट हो गई, जिसके बाद फायरिंग की आवाज सुनकर मोहल्ले में अफरा तफरी का माहौल बन गया। वही फायरिंग की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मारपीट करने को वाले परिवार के लोगों को जमकर हड़काया, और मामले की जांच पड़ताल की मगर पुलिस को फायरिंग करने जेसी कोई बात सामने नही आई जिसके बाद पुलिस मौके से वापस आ गई थी। परिवार के लोगों ने मामले में पुलिस कार्यवाही करने से इंकार कर दिया है। कस्बे के मोहल्ला इस्लाम नगर में शुक्रवार की देर रात्रि उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया, जब लोगों ने मोहल्ले के एक घर में फायरिंग करने की आवाज सुनी, इसके बाद मोहल्ले के लोग घर से बाहर आ गए, और घर के पास जाकर देखा तो अंदर से परिवार के लोगों में मारपीट होने और चीखने चिल्लाने की आवाज आ रही थी। जिसके मोहल्ले के लोगों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी, फायरिंग की सूचना पर पुलिस आनन फानन में मौके पर पहुंची और घटना स्थल की जांच पड़ताल करने के बाद परिवार के लोगों को जमकर हड़काया, पुलिस ने मारपीट करने वालो से पूछताछ की, पुलिस ने मामला शांत कराने के बाद मौके से वापस आ गई, इंस्पेक्टर बृजेश कुमार शर्मा ने बताया की शुक्रवार की देर रात्रि मोहल्ला इस्लामनगर में एक परिवार में पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई थी, दोनो मे बीच बचाव कराने उनका पुत्र आगे आया था, तो धक्का मुक्की में उसके भी हाथ में चोट लग गई थी, जिससे वो घायल हो गया था, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की है फायरिंग करने जेसी कोई घटना सामने नही आई है। मामले की थाने में कोई तहरीर भी नही दी गई है, घायल युवक का उपचार कराया गया है, तहरीर आयेगी तो घटना की जांच पड़ताल की जायेगी।

# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बुढ़ाना।** बाइक सवार एक युवक कार की टक्कर लग जाने से घायल हो गया। घायल बाइक सवार को हस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मेरठ वाया करनाल हाइवे पर फुगाना थाना क्षेत्र के गांव फुगाना के पास कार की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। शामली के माजरा रोड निवासी संजय और बबलू बाइक द्वारा मेरठ की ओर से शामली जनपद में जा रहे थे। फुगाना गांव के पास उनकी बाइक पीछे से तेज गति से आई कार की चपेट में आ गई। चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। संजय और बबलू सडक पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें चिकित्सालय में भर्ती करवाया। घटना की सूचना फुगाना पुलिस को दे दी गयी है।

# धूमधाम के साथ मनाया रक्षाबंधन का पर्व

**चरथावल।** नगर व क्षेत्र मे प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन धूमधाम के साथ मनाया गया।

कस्बा चरथावल में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घायु की कामना की,वहीं भाईयों ने भी बहन की रक्षा का संकल्प लिया और उपहार देकर उनकी खुशियों में शरीक हुए।ईस मौके पर भाइयों ने कहा कि भाई और बहन के लिए ये सबसे बड़ा त्योहार है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं। ये त्योहार भाई-बहन के अटूट रिश्ष्ते, प्ष्यार, त्ष्याग और समर्पण को दर्शाता है। राखी बांधकर बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुख की कामना करती हैं। वहीं, भाई उन्हें वादा देते हैं कि वो उनकी जिंदगीभर रक्षा करेंगे, इस वजह से इस पर्व को रक्षाबंधन नाम दिया गया है।

# हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन का पर्व



**मीरापुर।** कस्बे में भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों में रौनक देखने को मिली।

राखी, मिठाई और उपहार की दुकानों पर भीड़ लगी रही। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रंग-बिरंगी राखियां बांधकर उनके सुख-समृद्धि की कामना की, वहीं भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार देकर जीवनभर रक्षा का वचन दो. हराया।

इस अवसर पर बाजारों में मिठाइयों की विशेष बिक्री रही। लड्डू, बर्फी और गुजिया की मिठास ने त्योहार की खुशी को और बढ़ा दिया। कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में भी घर-घर रक्षाबंधन का उत्सव मनाया गया। महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। रक्षाबंधन पर कई भाई अपने दूर रहने वाली बहनों के घर पहुंचे, वहीं जो भाई नहीं आ सके, उन्होंने डाक और कूरियर के माध्यम से राखी भेजकर परंपरा निभाई। कस्बे का वातावरण दिनभर खुशियों और अपनत्व से भरा रहा। मीरापुर में मनाया गया यह रक्षाबंधन न केवल भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने का अवसर बना, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामा. जिक एकता का सुंदर संदेश भी दे गया।

# प्राचीन रामलीला की झंडा यात्रा धूमधाम से निकाली



**जानसठ।** प्राचीन रामलीला समिति मोहल्ला मिश्रान की झंडा यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गो से धूमधाम के साथ निकाली गई। यात्रा का समापन रामलीला के दशहरा मैदान पर झंडी बांधकर किया गया।

मोहल्ला मिश्रान की प्राचीन रामलीला की 125वीं झंडा यात्रा बड़े धूमधाम के साथ देवी मंदिर से आरंभ की गई। जिसमें पंडित लक्ष्मी प्रसाद सेमवाल ने पूजा अर्चना कर यात्रा का शुभारंभ कराया। रामलीला के अध्यक्ष निशांत कांबोज ने बताया, कि प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन के दिन सायं के समय झंडा यात्रा का आयोजन किया जाता है। यात्रा देवी मंदिर से पूजा अर्चना करने के बाद शुरू होकर प्राचीन रामलीला भवन में झंडी बांधने के पश्चात नगर के मुख्य मार्ग मोहल्ला मंगल बाजार से होते हुए मूले वाला कुआं से होते हुए किल्ली दरवाजा से वापस मोहल्ला मिश्रान से होते हुए दशहरा मेला मैदान पर झंडा बाधंने के बाद समाप्त हुई।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमरजीत सैनी ने बताया, कि स्थानीय कलाकार रामलीला का मंचन 16 सितंबर से करेंगे। निर्देशक रामवतार दीक्षित ने बताया, कि झंडा यात्रा के दिन से रामलीला मंचन का सवा महीना रह जाता है। यात्रा के दौरान मुख्य रूप से रामलीला कमेटी के संरक्षक वेद प्रकाश सैनी एडवोकेट, महासचिव उमाशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष सोनी कुमार गुर्जर, अमरजीत सैनी, ज्ञानचंद सैनी एडवोकेट, अमित शर्मा, प्रदीप राणा, शालू वालिया, कलाकार प्रमुख बलराज सैनी, ब्विनाथ प्रताप सिंह, मिर्ची कश्यप, राजीव शर्मा, उदित कंबोज, राजकुमार सैनी, दीपक शर्मा, आशीष भारद्वाज, विशाल, अनिल, विकास विमल शर्मा, कैलाश सैनी सहित काफी मौजूद रहे।

# ब्रह्मकुमारी बहन ने श्रीराम कॉलेज के संस्थापक को बांधी राखी



**मुजफ्फरनगर।** ब्रह्मकुमारी बहनों ने श्री राम ग्रुप आफ कॉलिजेज के संस्थापक डॉ. एस. सी. कुलश्रेष्ठ तथा समस्त स्टाफ को बांधी राखी, पर्व का बताया आध्यात्मिक महत्व

रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र और अटूट रिश्ते का प्रतीक पर्व है, जिसे पूरे देश में उल्लास और प्रेम के साथ मनाया जाता है। इसी कड़ी में श्री राम कॉलेज मुजफ्फरनगर में एक विशेष रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी संस्था की बहनों ने श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज संस्थापक डॉ. एस. सी. कुलश्रेष्ठ तथा समस्त स्टाफ को राखी बांधकर उन्हें सम्मान और स्नेह प्रदान किया।

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्था की बहनों ने सभी स्टाफ को तिलक लगाया, राखी बांधी और मिठाई खिलाई उनके कल्याण व सुरक्षा की कामना करते हुए रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व न केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है, बल्कि यह आत्मिक शुद्धता और नकारात्मकता से मुक्ति का भी संदेश देता है।

इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डॉ. एस. सी. कुलश्रेष्ठ ने इस पहल की सराहना की और ब्रह्माकुमारी संस्था की बहनों के इस स्नेहपूर्ण कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। यह राखी हमें न केवल बहनों का प्यार देती है, बल्कि समाज की सेवा में और अधिक समर्पण के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के गणमान्य व्यक्ति डा0एसएन चौहान, निदेशक श्रीराम कॉलेज आफ इंजीनियरिंग, डा0 प्रेरणा मित्तल प्राचार्य श्री राम कॉलेज, डॉ सौरभ मित्तल उप प्राचार्य श्री राम कॉलेज, डा0 आर आरपी सिंह, एसआरजीसी रिर्सच, प्रवेश समन्वयक नीतू सिंह डा अश्वनी, प्राचार्य श्रीराम पालिटैक्निक, डॉ मनोज धीमान, निदेशक ललित कला, डॉ निशांत राठी, डीन कम्प्यूटर एप्लीकेशन, डा विनीत कुमार शर्मा, डीन एकेडमिक्स, श्रीराम कॉलेज, डा0 सुचित्रा त्यागी, डीन एकेडमिक्स इंजीनियरिंग, महाविद्यालय के सभी डीन, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक, शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

# पुण्यतिथि कार्यक्रम को लेकर प्रशासन हुआ अलर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।**शुकतीर्थ मे स्थित प्रसिद्ध संत शिरोमणि गुरु रविदास सतगुरु समनदास आश्रम मे रविवार को बृहलीन संत सतगुरु समनदास महाराज की छठी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि व सतसंग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बड़ी संख्या मे श्रद्धालु भाग लेंगे। कार्यक्रम मे सुरक्षा के ख्रष्टिगत शनिवार को पुलिस अधिकारियो ने आश्रम की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।

सतगुरु समनदास आश्रम के अधिष्ठा गुरु गोरधन दास महाराज ने बताया की रविवार को बृहमलीन गुरु समनदास महाराज की पुण्यतिथि अवसर पर विशेष पूजा का आयोजन किया जायेगा। गुरु बन्दगी, भंडारे व रात मे आयोजित सतसंग मे बड़ी संख्या मे श्रद्धालू भाग लेंगे। आश्रम के सेवक संदीपदास ने बताया की सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण किया जा रहा है।

व्यवस्था मे आश्रम के वोलिंटियर्स भी शामिल रहेंगे।

वहीं आश्रम मे पहुंचे क्षेत्राधिकारी देववृत वाजपेयी तथा डा. रवि शंकर मिश्रा ने बताया की सुरक्षा के दृष्टिगत चिन्हित स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। पार्किंग की व्यवस्था आश्रम के बाहर मैदान मे रहेगी। फिरोजपुर मार्ग की ओर अलग से पार्किंग व्यवस्था की गयी है। गंगा घाट सहित प्रमुख आश्रमो के बाहर पुलिस व पीएसी बल को तैनात किया जायेगा। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, चौकी प्रभारी रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दोनों पुत्र नवीन व आसू कुमार मेरे कहने सुनने में नही है इसलिए मैने नवीन व आसू कुमार को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और मैने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति अपने पौते शौर्य पाल उम्र करीब 12 वर्ष संरक्षिका श्रीमति नीतू को दान कर दी है। आज के बाद मेरी समस्त चल व अचल सम्पत्ति का मालिक व काबिज शौर्य पाल होगा।

**नेमचन्द पुत्र फेरू निवासी 828/3 इन्द्रा कालोनी, थाना सिविल लाईन तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर मो.न-8057365385**

# परंपरागत ढंग से मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार



**बुढ़ाना।** कस्बे व क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्योहार परंपरागत ढंग से मना। घरों में पूजा अर्चना के बाद बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर राखी बांधी। भाइयों ने बहनों को धनराशि और कीमती उपहार दिए और साथ ही उन्होंने सुरक्षा का वचन भी दिया। उधर सड़कों पर भारी भीड़ देखने को मिली। बसों में भीड़ रही। वहीं पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। आज शुक्रवार सुबह से ही बहनें अपने भाइयों के घर पहुंचने लगी थी। सुबह छह बजे से यह सिलसिला शुरू हो गया था। महिलाएं अपने पति और बच्चों के साथ बस व कारों से पहुंची। बहनों और भाइयों में राखी का त्योहार मनाने का काफी उत्साह था। बहनों ने सबसे पहले भाइयों के माथे पर रोली-चावल से तिलक किया फिर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। लगभग कस्बे की हर गली में ऐसा ही माहौल देखने को मिला। राखी बांधने के बाद ही बहनों ने अन्न ग्रहण किया। इससे पहले वे उपवास रखे हुए थी। क्षेत्र में कई ऐसी महिलाएं भी हैं जिनके भाई नहीं हैं। इन महिलाओं ने मंदिरों में जाकर भगवान की प्रतिमाओं को राखी बांधकर त्योहार मनाया। राखी बांधने के बाद भाइयों ने बहनों को रुपए, चॉकलेट, साडियां, सूट, टेडी बीयर, आभूषण, कपड़े और घड़ी जैसे विभिन्न उपहार दिए। रक्षाबंधन के दिन बहनों व भाइयों ने एक साथ सेल्फी ली। फोटोओं को उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किया। परिवार समेत फोटो भी अपलोड की गई। कुल मिलाकर रक्षाबंधन पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

# रक्षाबंधन पर्व पर बहन ने भाई की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र



**शाहपुर।** भाई-बहन के प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन शाहपुर मे धूमधाम के साथ मनाया गया। रक्षाबन्धन एक सनातन हिन्दू त्यौहार है, जो प्रतिवर्ष सावन मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। रक्षाबन्धन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्त्व है। भाई की कलाई में राखी बांधने के लिए बहनें रक्षाबंधन का इंतजार करती है। वहीं भाई को भी इस दिन का इंतजार रहता है। वो भी बहनों से राखी बंधवाने को बेताब रहते हैं। रक्षा बंधन का पर्व इस वर्ष शुभ संयोग में मनाया गया। इस बार रक्षा बंधन पर शुभ योगों का निर्माण भी हो रहा है। पंचांग के अनुसार दो विशेष शुभ मुहूर्त का योग बना हुआ है। पूर्णिमा की तिथि पर धनिष्ठा नक्षत्र के साथ शोभन योग का शुभ योग बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र में इस योग को शुभ योग माना गया है। रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के प्यार और ब्विास का प्रतीक है। इस त्यौहार के आने से ही इसकी खुशी हर भाई-बहन के चेहरे पर सफ़ नजर आने लगती है। इस दिन बहनें अपने प्यारे भाई को टीका करती हैं और उसकी कलाई पर राखी बांधती हैं। वहीं भाई अपनी बहनों को उनकी रक्षा का वचन और उपहार देते हैं। इस दिन हर तरु खुशनुमा माहौल रहता हैं। ऐसे ही हम खुशी के साथ सालों से श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन रक्षाबंधन का त्योहार मनाते आ रहे हैं, लेकिन क्या आप ये जानते है कि आखिर क्यों या किस कारण से रक्षाबंधन मनाया जाने लगा और इस दिन का क्या महत्व है। दरअसल, हिन्दू पौराणिक मान्यताओं के अनुसार रक्षाबंधन मनाने के पीछे कुछ कथाएं हैं। रक्षाबंधन से जुड़ी कथाओं और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महाभारत में शिशुपाल के साथ युद्ध के दौरान श्री कृष्ण जी की तर्जनी उंगली कट गई थी. यह देखते ही द्रोपदी कृष्ण जी के पास दौड़कर पहुंची और अपनी साड़ी से एक टुकड़ाफाड़कर उनकी उंगली पर पटी बांध दी। इस दिन श्रावण पूर्णिमा थी। इसके बदले में कृष्ण जी ने चीर हरण के समय द्रोपदी की रक्षा की थी। सभी से प्रत्येक श्रावण मास की पूर्णिमा को भाई बहन के प्रेम और ब्विास के प्रतीक रक्षाबंधन के त्यौहार को मनाया जाने लगा। इन कथाओं के माध्यम से ये पता चलता है कि रक्षाबंधन पर कलाई पर राखी या रक्षासूत्र बांधने जाने के साथ ही उसके बदले में मांगे और दिये जाने वाले वचन का बहुत महत्व होता है। इसलिए इस दिन हर बहन अपने भाई को राखी बांधती हैं और भाई उसकी हिफ़ाजत का वचन देता है। बहन भाई की कुशलता और सफ़लता की कामना करती है। ये वचन और भावना ही रक्षाबंधन के त्योहार का सबसे महत्वपूर्ण भाग है। क्योंकि प्रेम और ब्विास का यही बंधन भाई और बहन के रिश्ते के स्नेह की डोर अर्थात् राखी होती है। आज रक्षाबंधन के अवसर पर कस्बा शाहपुर में वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी कमल वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद पाल, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से वरिष्ठ स्वयंसेवक संदीप बंसल, भाजपा नेता नवदीप मित्तल, श्री बालाजी धाम मंदिर से जुड़े अतुल सिंघल, युवा समाजसेवी कपिल चौधरी, मुद्रिका वर्मा, स्वीटी शर्मा, प्रज्ञा शर्मा, नित्या वर्मा, गोविंद वर्मा, केशवी मित्तल, दर्शित मित्तल, हर्ष बंसल, कुंज सिंघल, परनी सिंघल आदि ने हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार।

# बुलेट के नीचे पड़ा मिला युवक का शव, लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** संदिग्ध परिस्थितियों में मंधोर मोड पर बुलेट मोटरसाइकिल के नीचे पड़ा मिला कुतुबपुर के युवक का शव शुक्रवार देर शाम दोस्त की बर्थडे पार्टी में शामिल होने जाने के लिए घर से कहकर निकला था युवक। परिजनों द्वारा मृतक का शव कुतुबपुर में लाकर नकुड मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास किया। मौके पर पहुंचे सीओ नकुड के द्वारा जांच एवं कार्यवाही का आश्वाशन के बाद लोग शांत हुए।।पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर जांच में जुटी।





मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार देर शाम करीब8:00 बजे थाना सरसावा की शाहजहांपुर चौकी क्षेत्र के गांव कुतुबपुर निवासी 22 रजत पुत्र सुखबीर मंधोर गांव में दोस्त की बर्थडे पार्टी में जाने के लिए एक दोस्त की बाइक लेकर घर से निकला था।

शनिवार सुबह होने पर गांव मंधोर मोड पर युवक का शव बुलेट मोटरसाइकिल के नीचे पड़ा मिला। जहां लोग मामले को प्रथम दृष्टा हादसे से जुड़ा हुआ बता रहे है वही कुछ लोगों को किसी अनहोनी की आशंका भी लग रही है।जिसको लेकर परिजनों एवं गांव के कुछ लोगों द्वारा नकुड मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास किया।

मौके पर पहुंचे सीओ नकुड एसएन वैभव पांडेय,ने लोगो को मामले में गहनता से जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया जिसके बाद लोगों ने मृतक का शव पुलिस को सौंपा।

इस संबंध में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मृतक के भतीजे प्रदीप पुत्र भीम सिंह द्वारा तहरीर दी गई है। जिसमें प्रथम दृष्टा मामला एक्सीडेंटल ही प्रतीत हो रहा है। मामले की गहनता से जांच को लेकर तहरीर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट ओर विवेचना के दौरान जो तथ्य मिलेगे उनके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# एलिवेटेड रोड पर लगा लम्बा जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** रक्षाबन्धन के त्यौहार को लेकर बिहारीगढ़ क्षेत्र में तमाम व्यवस्थाएं चरमराती हुई नजर आई। देहरादून हाइवे स्थित गणेशपुर से शुरू होने वाले एलिवेटेड रोड पर सुबह करीब दस बजे तक तीन-चार किलोमीटर लम्बा जाम लग चुका था, घंटों बाद मोहण्ड पुलिस स्टाफ ने मौके पर पहुंच कर ट्रैफिक व्यवस्था बहाल कराई।

रक्षाबंधन के त्यौहार पर यूपी सरकार के अलावा उत्तराखंड सरकार ने भी रोडवेज की बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा करने की सुविधा दे रखी थी, लेकिन बसों में इतनी भीड़ थी कि खड़े होकर सफर करने के लिए भी यात्रियों को जगह नहीं मिली, कस्बा बिहारीगढ़ में मिठाई और राखी की दुकानों सहित पैट्रोल पम्पो पर इतनी भीड़ लगी रही कि कितने ही ग्राहकों को अपनी बाइक खड़ी करने तक की सुरक्षित जगह नहीं मिली, गणेशपुर में एलीवेटेड रोड पर लगे रहे जाम की वजह से दोपहर करीब तीन बजे तक 40 मिनट का रास्ता दो से तीन घंटे में तय करना पड़ा, इस दौरान निर्बाध ट्रैफिक संचालित रखने के लिए पुलिस के पास प्रयाप्त संसाधनों एवं स्टाफ की कमी दिखाई दी, सड़क पर अधिक भीड़ और रक्षा बंधन का बड़ा त्यौहार देखते हुए नेशनल हाईवे अथॉरिटी को एलिवेटेड रोड एक दिन के लिए वन साइड खोलने की खातिर मजबूर होना पड़ा।

बाजार में खरीदारों की भीड़ तथा सड़क पर अधिक वाहनों की वजह से पुलिस कर्मियों को सुबह से लेकर देर शाम तक जमकर पसीना बहाते हुए देखा गया है।

# प्रतिबंधित लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** शिवालिक वन प्रभाग की मोहण्ड रेंज के छुटमलपुर सेक्शन अन्तर्गत गांव खुजनावार (मुजफ्फराबाद) से प्रतिबंधित आम के 3 हरे पेड़ काटकर ट्रैक्टर ट्राली से ढुलान की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए काटी गई लकड़ियों सहित महिंद्रा ट्रैक्टर ट्राली पकड़कर रेंज मुख्यालय मोहण्ड परिसर ले जाकर कर दी। जिससे लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

मोहण्ड रेंज के कृषि इलाके से हुए अवैध कटान की जानकारी देते हुए वनक्षेत्राधिकारी लव सिंह ने बताया कि उन्हें रात में ही इस अवैध कटान की सूचना मिल गई थी, तुरन्त विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर आम की लकड़ियों से लदी ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में लेकर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में लकड़ी ठेकेदार मुबा. रक पुत्र हनीफ निवासी ग्राम खुजनावर का नाम चर्चा में है। विभागीय अधिकारी इस अवैध कटान के मामले में शामिल रहे अन्य लोगो की भी जाँच पड़ताल में जुटे हुए थे कि आरोपियों ने वन विभाग को अवैध कटान की एवज में गलती स्वीकार करते हुए विभागीय जुर्माना अदा करने के लिए मौखिक सहमति दे दी है। वन क्षेत्राधिकारी मोहण्ड लव सिंह ने बताया कि जुर्माना अगर जमा नहीं किया तो ट्रैक्टर ट्राली सीज कर दी जाएगी।

## दस बाइकें सीज

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने वाहन चैकिंग अभियान चलाकर बिना पत्राचार व दोपहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी बैठाकर सड़को पर दौड़ने वाली 10 बाइको को सीज किया है। वहीं दूसरी ओर ओवर लोड खनन से भरे एक डम्पर को भी पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया है।

थाना प्रभारी चन्द्रसेन सैनी की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा दोपहिया वाहन चौकिंग अभियान चलाकर बिना पत्राचार के बाइक पर दो से अधिक सवारी बैठाकर सड़को पर बाइक दौड़ाने वालो के 10 दोपहिया वाहनों को सीज किया गया है।

वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी द्वारा जानकारी दी गई है कि पुलिस टीम द्वारा ओवरलोड खनन से भरे एक डम्पर को भी पकड़ा गया है जिसको थाना लाकर सम्बंधित जानकारी राजस्व विभाग व आरटीओ को दे दी गई है। आवयश्क कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# किसानों की सैकड़ों बीघा फसल बर्बाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** गांव चन्देना कोली के जंगलों मे आए तेज रफ्तार पानी के कहर से सैंकड़ों बिगहा फसलें धराशाई हो गई है।फसलों की तबाही से आहत पीड़ित किसानों के चेहरों पर मायूसी छाई हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही तेज रफ्तार भारी बारिश के कारण शुक्रवार को हिंडन नदी का जलस्तर बढ़ गया था। पानी के तेज बहाव के चलते गांव चन्देना कोली व भगवानपुर के सड़क मार्ग सहित खेतों में करीब तीन फीट ऊंचाई तक पानी का जलस्तर दिखाई दिया। जिसके कारण सैंकड़ों बिगहा गन्ने व धान की फसलें धराशाई हो गई है। भीषण जल प्रकोप से आहत पीड़ित किसानों अनिल राणा,अमित राणा ,दिनेश बनिया,अनिल पुत्र घनश्याम ,अनिल पुत्र सोमपाल राणा ,रिंकू पुत्र विजेंद्र, सुरेंद्र पुत्र जमादार ,लील्लू पुत्र कदम ओर मास्टर राजेंद्र ने बताया कि करीब तीन किलोमीटर तक चन्देना कोली व भगवानपुर के मध्य पानी के तेज बहाव से दोनों गांवों का सम्पर्क टूट गया था।जिसके कारण किसानों को पशुओं के लिए चारा लाने में भी भारी समस्या का सामना करना पड़ा। उधर चन्देना कोली निवासी डॉ प्रशान्त कुमार ने बताया कि किसानों की सैकड़ों बिगहा गन्ने व धान की फसलें नदी में आए पानी के उफान से तबाह हो चुकी है। उनका कहना है कि हर वर्ष इन दोनों गांवों के किसान इस आपदा से प्रभावित होते हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से अपील करते हुए कहा है कि गांगनौली बजाज शुगर मिल द्वारा गन्ने का बकाया भुगतान नहीं कराया गया है जिसके कारण किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। इसलिए जिन किसानों की फसलों को प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान पहुंचा है उन्हें जल्द से जल्द सरकार की ओर से सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। शनिवार को नदी में पानी का जलस्तर कम दिखाई दिया जिससे किसानो ने राहत की सांस ली है।



# श्रीराम लीला की तैयारियां आरम्भ



**गागलहेड़ी।** श्रीराम लीला समिति के तत्वाधान में नारियल पूजन के साथ श्रीराम लीला मंचन की तैयारियां आरम्भ हुई। निर्देशक राजेश कपिल ने बताया कि मंचन का पूर्वाभ्यास जन्माष्टमी के बाद आरम्भ किया जाएगा।

शनिवार प्रात: प्राचीन शिवजी मंदिर में नारियल पूजन के साथ श्रीराम लीला मंचन की तैयारी का शुभारंभ हुआ। पं मदनगोपालाचार्य ने मंत्रोचारण के बीच नारियल पूजन व संकल्प कराया। पूजन अध्यक्ष महेंद्र धीमान व निर्देशक राजेश कपिल ने कराया। अध्यक्ष महेंद्र धीमान ने बताया कि 17 सितम्बर को श्रीगणेश यात्रा के साथ श्रीराम लीला मंचन का शुभारंभ किया जाएगा। मोहनलाल मेहंदीरत्ता, डॉ योगेन्द्र पंवार, मुकेश गोयल, अश्वनी मित्तल, संजय यादव, देवेंद्र यादव, भूपेंद्र, कुलदीप कश्यप, मुकुल पाल एडवोकेट, बिजेंद्र यादव, सोनू वर्मा, प्रवीण कश्यप, निर्देशक राजेश कपिल, अनमोल, केशव, चेतन, अभय आदि मौजूद रहे।

# संगठन विस्तार कर सौंपे मनोनयन पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** भारतीय किसान यूनियन भानू के संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित हुआ शनिवार को कस्बे के पूराने बस स्टैंड पर भारतीय किसान यूनियन भानू जिला अध्यक्ष चौधरी राजू माजरा के नेतृत्व में संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संगठन का विस्तार करते हुए लियाकत कुरैशी को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया इरफान कुरैशी को नगर महासचिव व लियाकत गौर नगर सचिव , शेर दिन को तहसील उपाध्यक्ष नकुड नियुक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजू माजरा ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (भानू) किसानों के अधिकारो और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्षरत है। उन्होंने नए पदाधिकारी को संगठन की विचारधारा और ठाकुर भानू प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्थापित सिद्धांतों का पालन करते हुए किसानों के हितों के लिए कार्य करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अध्यक्षता हाजी महमूद ने की संचालन जिला प्रवक्ता व मिडिया प्रभारी प्रवेश गुर्जर ने किया इस मौके पर अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अकमल चौधरी जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरज चौधरी कोई बात नहीं जिला महासचिव शारिक प्रधान गंगोह ब्लॉक अध्यक्ष बलवान चौधरी नगर अध्यक्ष रामपुर अजय पवार गंगोह ब्लॉक उपाध्यक्ष फैसल चौधरी जिला उपाध्यक्षा अल्पसंख्यक सबबन खान इरशाद इस्लाम नगर युवा ब्लॉक अध्यक्ष रामपुर अल्ताफ मलिक संजय रंधेड़ी पदम गुर्जर अनुज बड़गांव मेनपाल सनी चौधरी मौजूद रहे।




# अम्बेहटा पुलिस चौकी ने पकड़े दो शातिर अपराधी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** फदपुरी पुलिस ने दो शातिर अपराधी गिरफ्तार करने में कामयाब हासिल की है उनके पास से तमंचे, कारतूस बरामद करते हुए भेज जेल गए हैं।

नकुड कोतवाली अंतर्गत फदपुरी पुलिस ने एक बार फिर अपराधियों के खिलाफ कड़ा प्रहार करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं।

एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि नकुड थाना प्रभारी निरीक्षक अविनाश गौतम के नेतृत्व में फदपुरी चौकी प्रभारी रोबिन राठी ने मुखबिर की सूचना के आधार चौकिंग करते हुए पर खेड़ा अफगान एवं अबेहटा रोड दो शातिर अपराधियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। उनके पास से दो तमंचे 315 बोर, चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। दो अपराधियों की पहचान आहद पुत्र जिंदा हसन मोहल्ला किला अंबेहटा थाना नकुड,शोबान पुत्र इनाम निवासी मोहल्ला किला अबेहटा थाना नकुड के रहने वाले हैं। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने बताया कि रोब गालिब करने के लिए अपने पास अवैध हथियार रखते हैं।आहद पर अलग-अलग थानों में आठ अपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

# एओसी फायरमैन बने विशु का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** बेहट विधानसभा क्षेत्र के गांव इस्माईलपुर निवासी विशु कश्यप पुत्र सुशील कश्यप का चयन ऑर्डिनेंस में एओसी फायरमैन के पद पर हुआ था। इसी साल फरवरी माह में विशु कश्यप छ: महीने का प्रशिक्षण लेने के लिए चला गया था। आज रक्षाबंधन पर 6 माह बाद शनिवार को घर लौटा तो भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बिजेंद्र कश्यप के नेतृत्व में गांव के अनेक लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर उसका जोरदार स्वागत किया।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विजेंद्र कश्यप ने कहा कि मेहनत करने वालों को सफलता जरूर मिलती है इस्माईलपुर गांव के इस होनहार युवक विशु कश्यप ने मेहनत कर ऑर्डिनेंस में नौकरी हासिल करके यह साबित कर दिया है कि मेहनत करने वालों को सफलता हासिल करने के लिए कोई भी बाधा रोक नहीं सकती। इस मौके पर मुख्य रूप से सोमपाल कश्यप, सौरभ कुमार, महावीर सिंह, पवन कश्यप, डॉक्टर अजय सिंह, निक्का, हिमांशु कश्यप, पंकज कुमार, विशाल आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# बच्चों के मामूली विवाद को लेकर भिड़े दो पक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव साधारणसिर में बच्चों के विवाद को लेकर एक समुदाय के दो पक्ष आपस में भिड गये। जिससे दोनो पक्षों में हुई मारपीट से गांव में अफरा तफरी मच गई। आपसी भिड़ंत में दोनों पक्षों के दो युवक घायल हो गये। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सहित पुलिस मौके पर पंहुची और घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर दी है।

**■ मारपीट से गांव में मची अफरा तफरी, घटना में दो लोग हुए घायल**

मिली जानकारी के मुताबिक एक पक्ष के सावन पुत्र सुभाष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दो दिन पहले बच्चों में किसी बात को लेकर आशुतोष पक्ष के साथ कहा. सुनी हो गयी थी । जिसमें आशुतोष ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। शनिवार दोपहर इस बात को लेकर उस पर आशुतोष आदि ने हमला कर दिया। जिसमे वह घायल हो गया। दूसरे पक्ष आशुतोष पुत्र प्रीतम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सावन का परिवार उसके परिवार से रंजिश रखता है। वह हमेशा झगड़े की फिराक में रहता है। दोपहर करीब 1 बजे सावन ने अपने परिजनों सहित उस पर हमला कर दिया जिसमे वह घायल हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दंगल में पहलवानों ने दिखाया दम-खम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में बाबा लाल दास स्थित फुलवारी आश्रम में भव्य दंगल का आयोजन किया गया। यह दंगल पिछले 70 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भी उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों से आए पहलवानों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दंगल में कुल सैकड़ो पहलवानों ने जोर-आजमाइश की।

पहलवानों का उत्साह बढ़ाने के लिए दर्शकों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर उनका हौसला बढ़ाया। गुरु जगमो. हन भारद्वाज ने बताया कि इस परंपरा की शुरुआत गुरु घसीटू महाराज ने की थी। उनके बाद बनारसी पहलवान, फिर जगदीश पहलवान, बलजीत पहलवान और जसवंत पहलवान ने इसे आगे बढ़ाया। अब हम अपने गुरुजनों की परंपरा को निभा रहे हैं और हर साल यह आयोजन करवा रहे हैं।



दंगल में मुख्य रूप से जगमोहन उर्फ बॉबी पहलवान, संदीप पहलवान, विक्की पहलवान, सानू पहलवान, शिवम पहलवान, मनी वर्मा, आदित्य सैनी, सनी पहलवान, योगी पहलवान, बंटी पहलवान, हर्ष पहलवान, प्रदीप वर्मा, मुकेश गिरी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# नगला खारी में फायरिंग में एक युवक को लगी गोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर क्षेत्र के ग्राम नगला खारी में अज्ञात कारणों से हुई फायरिंग की घटना में एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कुतुबशेर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। परि. जनों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसासर थाना कुतुबशेर क्षेत्रांर्तगत ग्राम नगला खारी में एक युवक को गोली मारने की घटना से पूरे गांव दहशत को माहौल बना हुआ है। बताया जाता है कि गांव के निवासी युवक दीपक पर आज दिनदहाड़े की अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। अभी तक गोली मारने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची ओर घटना की ग्रामीणों और परिजनों से जानकारी प्राप्त की, लेकिन घटना को कारणों की कोई सही जानकारी न दे पाया। एसपी सिटी व्योम बिदल ने घटना की बाबत जानकारी देते हुए बताया कि गांव नलगा खारी में गोली मारने की घटना सामने आयी है जिसमें दीपक नामक व्यक्ति घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर देखकर उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है। गोली मारने कारणों को अभी तक पुलिस को कोई जानकारी नहीं है।

# महिलाओं की नि:शुल्क यात्रा से उमड़ी बसों में भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रक्षाबंधन पर्व पर भाईयों के घर जाने के लिए बहनों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि प्रदेश सरकार द्वारा सह यात्री के साथ रोडवेज बसों में महिलाओं को नि:शुल्क यात्रा किए जाने की सुविधा प्रदान की गई थी। इसके बावजूद भी ट्रेनों, बसों एवं अन्य वाहनों में भारी भीड़ नजर आई।

भीड़ के मद्देनजर रेल प्रशासन द्वारा भी विशेष व्यवस्था की गई थी परंतु यह व्यवस्था उस समय धराशायी गई जब भारी भीड़ स्टेशन में जमा गई और ट्रेन के आते ही ट्रेन में चढ़ने के लिए आपाधापी का माहौल बना रहा। परेशानी तो उस समय बढ़ी दिखाई जब ट्रेन में पीछे से भारी भीड़ चली आ रही थी और यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने के लिए धक्की-मुक्की करनी पड़घी। जीआरपी द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए सहायता की गई परंतु फिर भी यात्री एक दूसरे से लड़ते-झगड़ते दिखाई दिए। यही हाल रोडवेज बसों में दिखाई दिया। बस के आते ही यात्रियों की भारी भीड़ में बस में चढ़ने के लिए उमड़ पड़ती थी। भीड़ को देखते हुए प्रदेश सरकार और रेलवे प्रशासन की व्यवस्थाएं बौनी दिखाई दी। यही हाल प्राइवेट बसों एवं टैम्पो-ई रिक्शा रहा। प्रत्येक वाहन में भारी भीड़ नजर आई। भारी भीड़ का निजी वाहनों ने मनमाना किराया वसूल कर नाजायज फायदा उठाया। इसके अलावा सुबह से नागरिक अपने निजी वाहनों मोटरसाइकिल व कारों आदि में भी दौड़ते नअर जाए। सड़कों पर वाहनों की भारी भीड़ दिखाई दी। यातायात पुलिस जनपद सहित महानगर के प्रत्येक चौराहे यातायात को नियंत्रित करने के लिए मुस्तैद दिखाई दी।




# बंदी भाइयों के माथों पर बहनों ने बांधी राखी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रक्षाबंधन पर्व पर आज जिला कारागार में बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर उनके शीघ्र रिहाई होने की कामना करते हुए अपराध की दुनिया से दूर रहने का वचन लिया। राखी बांधने को लेकर इंतजार में बहनों की लंबी लाईन लगी रही।

जिला कारागार में आज सुबह से ही पर्व को लेकर बहनें जिला कारागार के मुख्य द्वार पर पहुंच गई थी। व्यवस्थाएं बनाए रखने के लिए जिला कारागार प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी जिसके तहत भाईयों के साथ बहनों की मिलाई पूरी तरह बिना पर्ची की गई थी। इस दौरान बहनों द्वारा तिलक किए जाने के लिए जिला कारागार में ही व्यवस्था की गई थी। हालांकि सभी बहनें भाइयों के लिए राखी व तिलक का सामान लेकर पहुंची परंतु जिला कारागार प्रशासन द्वारा भी तिलक व राखी की व्यवस्था की गई थी। मिलाई के दौरान महिलाओं की जिला कारागार में भाइयों से मिलने के लिए बहुत लम्बी लाईन लगी हुई थी।

भीड़ के चलते जिला कारागार प्रशासन द्वारा अच्छी व्यवस्था कराई गई थी ताकि कोई भी महिला अपने भाई से राखी बंधवाने से वंचित न रहे या परशानी का सामना न करे।

जिला कारागार में उस समय माहौल भावुक हो गया जब बहनों द्वारा जिला कारागार में निरूद्ध भाईयों के माथे पर तिलक कर व कलाई पर रखी बांधकर उनसे अपराध छोड़ने का वचन लिया गया।

# हर्षोल्लास से मनाया भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व








**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व आज जनपद भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर एवं कलाई पर राखी बांधकर उनसे रक्षा का वचन लिया। वहीं भाइयों ने भी बहनों को रक्षा का वचन देते हुए उन्हें उपहारस्वरूप नगदी व कपड़े आदि प्रदान की। पर्व को लेकर आज प्रत्येक घर में उल्लास व उमंग का माहौल देखा गया।

आज रक्षाबंधन पर्व को लेकर प्रत्येक घर में सुबह से तैयारियां शुरू हो गई थी और बहनें भाइयों को राखी बांधने के लिए उत्सुक दिखाई दे रही थी। घर में रहने वाली बहनों ने भाइयों का आज दोपहर बाद माथे पर तिलक कर कलाई पर राखी बांधते हुए उनके दीर्घायु एवं सुखी जीवन की कामना की तथा रक्षा का वचन लिया। ससुराल गई बहनें भाइयों के घर पहुंची तो उनके लिए प्रत्येक घर में विशेष प्रबंध किए गए थे और बहनों का मायके पहुंचने पर आदर सत्कार किया गया। इस दौरान बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर कलाई पर राखी बांधी तथा उनके दीर्घायु एवं सुखी जीवन की कामना की। भाइयों ने भी भाइयों ने भी बहनों का आशीर्वाद देते हुए उनकी रक्षा का वचन दिया तथा उपहार स्वरूप नगदी, कपड़े व मिठाई प्रदान की। पर्व को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। बच्चे सुबह से नए-नए कपड़े पहनकर तैयार हुए और पर्व की खुशी मनाई। पर्व के मद्देनजर घरों में नए-नए व्यंजन भी बनाए गए थे। रक्षाबंधन पर्व पर मिठाई के स्थान पर अब लोगों द्वारा उपहार देना परम्परा बन गई है क्योंकि मिठाई की मिलावटखोरी से बचने के लिए लोग चाकलेट, बिस्कुट व अन्य बेकरी का सामान उपहार के रूप में देते दिखाई दिए। इसके बावजूद भी मिठाई की दुकानों पर खरीददों की भारी भीड़ देखने को मिली। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो दीपावली पर्व पर मिठाई की खरीददारी की जा रही हो। रक्षाबंधन पर्व पर सुबह से बहनें भाइयों के घर जाने के लिए दौड़ते नअर जाए। पूरे दिन पर्व की खुशियां हर घर में दिखाई दी। रक्षाबंधन पर्व पर आज हर घर में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ तथा सभी घरों में मिठाइयों के साथ-साथ तरह-तरह के व्यंजन एवं पकवान बनाए गए थे।

**नागल।** में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्यौहार रक्षाबंधन क्षेत्र मे परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों के कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर रक्षा का संकल्प दिलाया वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस दौरान बाजारो व सडको पर भीड रही।

शनिवार सुबह से ही बहनों से कलाई पर राखी बंधवाई। राखी बांधने व तिलक लगाकर भाइयों का मुंह मीठा कराया। भाइयों ने बहनों को शगुन देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। कस्बे मे सुबह से ही बाजार मे चहल-पहल हो गयी। मिठाई की दुकानों और राखी की दुकानों पर जमकर खरीदारी हुई। ट्रेन और बसो मे भीड रही। कहीं-कहीं भाइयों ने बहनों के घर जाकर राखी बंधवायी तो कहीं बहनों ने भाइयों के घर जाकर राखी बांधी। दिनभर चहल-पहल रही। जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम ने भी अपनी बहन से राखी बंधवाई।

**बेहट।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भाई बहन का अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षा बंधन का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने जहां अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देते हुए उनकी रक्षा करने का भी बचन दिया गया।इस अवसर पर कोतवाली पुलिस कर्मियों को ब्रह्मा ईश्वरीय विद्यालय की बहनों ने राखी बांधी तो पुलिस ने भी उनकी सुरक्षा करने का वचन दिया गया।इस दौरान नगर सहित भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस तैनातरही।

शनिवार को रक्षा बंधन का पर्व बड़े ही हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के घर जाकर उनके तिलक कर राखी बांधी तो वही भाईयों ने अपनी बहनों को उपहार देकर उनकी सुरक्षा करने का वचन दिया। वहीं भाइयों ने भी बहनों के घर जाकर उनसे राखी बंधवाकर उन्हें आशीर्वाद देकर सुरक्षा करने का संकल्प लिया।

वहीं दूसरी ओर ब्रह्मा ईश्वरीय विद्यालय की बहनों ने कोतवाली पहुंचकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी सहित पुलिस कर्मचारियों को राखी बांधी तो पुलिस ने उन्हें उपहार देकर उनकी सुरक्षा करने का वचन दिया। रक्षा बंधन के त्यौहार पर सुबह से ही रखी की दुकानों तथा मिठाईयों की दुकानों पर भीड़ नजर आई।सड़कों पर कारों एवं दुपहिया वाहनों की भीड़ रही। दूर दराज इलाकों से आने वाली बहनों ने शाम तक अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी।

यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर के भीड़ भाड़ वाले मुख्य बाजारों एवं तिराहों पर पुलिस बल तैनात रहा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी फोर्स के साथ नगर सहित भीड़ भाड़ वाले इलाको में गश्त करते रहे।

**रामपुर मनिहारान।** कस्बे में परम्परागत रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर राखी बाँधकर उनके दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना की।

रक्षाबंधन पर्व को लेकर शनिवार को सुबह से ही सड़कों पर भारी भीड़ नजर आई। मुख्य चौराहों पर जाम की स्थिति रही पुलिस लगातार जाम खुलवाने में जुटी रही। रक्षाबंधन पर्व को लेकर भाइयों और बहनों में विशेष उत्साह नजर आया। जहां बहनें भाइयों के यहां राखी बांधने पहुँची तो वहीं भाई भी बहनों के यहां राखी बंधवाने पहुंचे। रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेश सरकार द्वारा रोडवेज बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की घोषणा के बाद महिलाएं बसों में सफर करती दिखाई दी रोडवेज बसों में भी भारी भीड़ नजर आई।

**चिलकाना।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में भाई बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

शनिवार को रक्षाबंधन के दिन बाजारों में राखी व मिठाईयों की दुकानों पर भारी भीड़ नजर आ रही थी। समस्त क्षेत्र में रक्षाबंधन के पर्व पर अलग ही रौनक नजर आई, जहां बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की वहीं भाईयों ने भी अपनी बहनों को सुरक्षा का वचन दिया। सुबह के समय से मिठाई व राखी की दुकानों पर लगने वाली भारी भीड़, दुकानों पर सजी सुंदर सुंदर राखियां बाजारों की रौनक बढ़ा रही थी। रक्षाबंधन पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से स्थानीय पुलिस भी सतर्क दिखाई दे रही थी। पुलिस टीम के जवान नगर के मुख्य चौराहों, गलियों व बाजारो में गश्त करते दिखाई दे रहे थे।

**अंबेहटा।** नगर में आज रक्षाबंधन की धूम, मिठाई और राखी की दुकानों पर रही भीड़। भाई-बहन के पवित्र प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र ग्राम ढायकी,बलालखडी, कैंडल,देदपुरा, खेड़ा अफगान, अबेहटी, रणदेवा में रक्षाबंधन का त्ऊ बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। बाजारों में रंग-बिरंगी राखियों और स्वादिष्ट मिठाइयों की दुकानों पर सुबह से ही भारी भीड़ देखी गई।

स्थानीय बाजारों में राखी की दुकानों पर बच्चों, युवाओं और महिलाओं की चहल-पहल रही। सुंदर राखियां खरीदारों के बीच आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं, मिठाई की दुकानों पर गुलाब जामुन बेसन के लड्डू, नारियल के लड्डू और घेवर जैसी पारंपरिक मिठाइयों की मांग खूब रही। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और लम्बी उम्र के लिए प्रार्थना की दलित मुस्लिम एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र बौद्ध ने अपने बड़ी बहन मिमला देवी के घर पहुंचकर बहन से राखी बंधवाकर आशीर्वाद लिया। और कहा रक्षाबंधन का त्योहार भाई बहन के अटूट प्यार एवं स्नेह प्रतीक है।

**गंगोह।** भाई एवं बहनों के प्यार का पर्व रक्षाबंधन नगर एवं क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों के हाथों पर जहां रक्षा सूत्र बांधा वही भाइयों ने भी बहनों को रक्षा का वचन दिया।

## पूजा ने सांसद इमरान और शहला ने भानु को बांधी राखी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रक्षाबंधन पर्व एक बार फिर इंसानियत और भाईचारे की सबसे खूबसूरत मिसाल बन गया।

सांसद इमरान मसूद की बेटी शहला मसूद ने हर साल की तरह इस बार भी अपने मुंहबोले भाई भानु कर्णवाल को राखी बांधकर यह साबित कर दिया कि रिश्ते दिलों से बनते हैं। मजहब से नहीं शहला और भानु का यह भाई-बहन का रिश्ता स्कूल के दिनों से चला आ रहा है, जो आज समाज के लिए मिसाल बन चुका है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए सांसद इमरान मसूद खुद भी अपनी मुंहबोली बहन पूजा भाटिया के घर पहुँचे और राखी बंधवाकर निभाया वर्षों पुराना रिश्ता - इस जवान बहन पूजा भाटिया ने सांसद इमरान मसूद को तिलक भी किया। इस अवसर पर अजमत अली, राजा भाटिया, काजी फरहान आदि मौजूद रहे।





नगर एवं क्षेत्र में शनिवार को रक्षा बंधन का पर्व मनाया गया। विशेष पूजा-अर्चना के बाद बहनों ने भाईयों की कलाई पर राखी बांधी। भाईयों ने जहां बहनों को उपहार दिए वहीं उन्हें सुरक्षा का भी वचन दिया। रक्षाबंधन के कारण बाजारों में खरीददारों की दिन भर भीड़ रही, छोटे बच्चे नये कपड़ों में पर्व को लेकर काफी उत्साहित रहें। त्यौहार पूरे उत्साह के साथ मना। शाम तक मिठाई व राखी की दुकानों पर भीड़ जुटी रही। आर्य समाज मंदिर में इस अवसर पर विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्व हर्षोल्लास से परंपरागत तरीके से मनाया गया।

## मंत्री जसवंत को राखी बांध कर दीर्घायु की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी को रक्षा सूत्र बांधे।

शनिवार को ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा संचालिका बीके सन्तोष दीदी ने देवबंद रोड़ स्थित संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी के कैम्प कार्यालय पर पहुँच कर राज्यमंत्री को रक्षा सूत्र बाँध कर उनके दीर्घायु व सुखद जीवन की ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने ब्रह्मकुमारी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए



कहा कि भारत में विभिन्न पर्व मनाए जाते हैं जो न केवल निकटता लाते हैं बल्कि पवित्र रिश्तों को और ज्यादा प्रगाढ़ करते हैं। बीके सन्तोष दीदी ने कहा कि रक्षा बंधन पर्व हमें बहन भाई के बीच अटूट श्रद्धा व विश्वास के साथ साथ बहन की रक्षा करने का संकल्प लेने का भी सन्देश देता है।

उन्होंने कहा कि इस पर्व पर बहनें अपने भाइयों के हाथों में राखी बांधकर उनकी दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना भी करती हैं।

इस मंत्री प्रतिनिधि कृष्णचंद सैनी, प्रमोद कौशिक, अनिरुद्ध सैनी,दीपक सैनी, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## मेधावी छात्र-छात्राएं किए सम्मानित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नेशनल एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में यूपी और सीबीएसई बोर्ड के इंटरमीडिएट और हाईस्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

पीर वाली गली स्थित नेशनल मुस्लिम एकेडमी में मेधावी छात्र-छात्राओं को संस्था के द्वारा स्मृति चिह्न और मेडल भेंट किए गए। इनमें कक्षा 10 और 12 से छात्रा अलीमा, मलीहा, मुस्कान, नबिया, साहिबा नूर, जेबा, मोहम्मद उवैस, अब्दुल समद, अली रजा, लाइबा नूर, रमशा, जैद सिद्दीकी, उमरा जबी, जिक्रिया अंसारी समेत कई छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के प्रेसिडेंट असजद खान ने कहा कि प्रत्येक वर्ष हमारी संस्था नेशनल एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को संस्था के द्वारा सम्मानित किया जाता है। इस बार भी जिन छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा में 70% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं ऐसे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु उन्हें शुभकामनाएं भी दी गयी हैं।

## एम शाहिद अध्यक्ष व मौलाना फरीद मजाहिरी बने नायब सदर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऐतिहा. सिक और प्राचीन मौलाना मुहम्मद अली जौहर लाइब्रेरी की नई कमेटी का गठन किया गया है।

यह फैसला लाइब्रेरी हॉल में आयोजित एक बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष (सदर) एम शाहिद जुबैरी को बनाया गया है, जबकि मौजूदा जनरल सेक्रेटरी सालेह अहकर को फिर से जनरल सेक्रेटरी चुना गया। मौलाना फरीद मजाहिरी को नायब सदर और सैयद हस्सान को नायब सेक्रेटरी बनाया गया कारी मुहम्मद मुनिस मजाहिरी को ऑफिस सेक्रेटरी बनाया गया है। कमेटी के संरक्षक पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान और अनवर अली एडवोकेट को बनाया गया हैं। कमेटी में कारी मुहम्मद नासिर जामई, डॉक्टर हारून रशीद, रहमान अजीज, काजी शौकत हुसैन, सैयद मुहम्मद अंस, मौलाना जावेद हाश्मी, हाफिज यूसुफ आलम बख्शी और अबूबकर शिब्ली भी शामिल हैं।

इस लाइब्रेरी की स्थापना 1934 में मुहम्मद जौहर के नाम पर की गई थी। सदारत मौलाना फरीद मजाहिरी ने की। इससे पूर्व आगाज कारी मौहम्मद नासिर की तिलावत ए कलाम पाक से किया गया था।

## समाधान दिवस में नहीं पहुंचा कोई फरियादी

**चिलकाना।** थाना पर आयोजित समाधान दिवस में कोई भी फरियादी अपनी फरियाद लेकर नही पहुंचा।

शनिवार को दिवसाधिकारी थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसैन सैनी द्वारा पुलिस एवं राजस्व विभाग टीम की मौजूदगी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में पुलिस, राजस्व व नगर पंचायत कर्मी तो मौजूद रहे लेकिन कोई भी फरियादी अपनी शिकायत लेकर नही पहुँचा। दोपहर 2:00 बजे तक भी जब कोई फरियादी समाधान दिवस में अपनी समस्या लेकर नही पहुंचा तब निर्धारित समय पर समाधान दिवस का समापन किया गया। इस दौरान थाना एसआई विनोद ढाका, अंकित कुमार, श्याम सिंह, राकेश सिंह, राजकुमार सारण, राजस्व निरीक्षक प्रदीप रोहिला, क्षेत्रीय लेखपाल सतीश चंद्र, विजेन्द्र चौहान, स्वाति शर्मा, विशाल कुमार, ऋचा उपाध्याय, शाईस्ता राव, शबनम खातून, सुनील कुमार व पंचायतकर्मी तनवीर अहमद मौजूद रहे।

## आबादी क्षेत्र से चीतल का शव मिला



**बिहारीगढ़।** शिवालिक के घने जंगलों से भटक कर आबादी क्षेत्र की तरफ आए एक नर चीतल को गांव के आवारा कुत्तों ने दौडा-दौड़ाकर मार डाला, शनिवार सुबह मोहण्ड रेंज की बुड्ढ़ावन बीट स्थित आरक्षित वन क्षेत्र के बाहर गांव खुशहालीपुर के निकट मृत चीतल पाए जाने की सूचना मिलते ही वन विभाग ने मृत चीतल के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

शनिवार सुबह खुशहालीपुर गांव के समीप ग्रामीणों ने मृत चीतल का शव पड़ा हुआ देखकर वन विभाग को इसकी सूचना दी, सूचना मिलते ही विभागीय कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और चीतल को अपनी निगरानी में लेकर घटना की जांच पड़ताल शुरू की, इस दौरान पता चला कि गांव के आवारा कुत्तों ने इसे देखकर पहले खूब दौड़ाया, बाद जब चीतल मर गई तो उसके शव को नौंच कर कुत्तों ने खाना शुरू कर दिया। इस सम्बन्ध में जानकारी करने पर वन क्षेत्राधिकारी मोहण्ड लव सिंह ने बताया कि विभाग को कुछ लोगों की तरफ से सूचना मिली थी कि खुशहालीपुर गांव के समीप गोली मारकर चीत्तल का शिकार किया गया है, लेकिन ऐसा कुछ जांच के दौरान साक्ष्य नहीं मिला। लेकिन फिर भी पशु चिकित्सा अधिकारी को बुलाया गया है, पोस्टमार्टम की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। ताकि चीतल की मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

## आस्था व श्रद्धाभाव से मनाया गया अवतरण दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री श्री 1008 स्वामी तुरीयानन्द महाराज का 150वां अवतरण दिवस स्थानीय मण्डी समिति रोड, कृष्णा नगर सिद्धपीठ स्वामी तुरीयानन्द आश्रम में श्री श्री 1008 स्वामी विवेकानंद गिरि महाराज के सानिध्य में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशाल भण्डारा एवं हवन-यज्ञ भी किया गया।

श्रद्धालुओं पर अपने मुखारबिन्द से अमृतवर्षा करते हुए गद्दीनशीन स्वामी विवेकानन्द गिरि महाराज ने बताया कि कर्म सिद्धान्त हजारों वर्षों से ज्यों का त्यों ही चल रहा है, इसमें किसी भी प्रकार का थोड़ा भी अपवाद नहीं है। निगुर्ण निराकार शुद्ध ब्रहमा भी जब सगुण साकार रूप बनकर त्रेतायुग में श्रीराम के स्वरूप में इस धरा पर अवतरित होते हैं, वे भी अपने पिता राजा दशरथ को कर्म के नियम के अनुसार पुत्र विरह से मृत्यु को ही पाना पड़ा। हालांकि श्री राम सबकुछ करने में सक्षम थे, लेकिन उनकी वो सब लीलाएं मानव जाति के लिए संदेश है।

स्वामी विवेकानंद गिरि महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत गीता में भी भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन कर्म का संदेश दिया है कि अर्जुन तुम्हे कर्म करने का अधिकार है किन्तु फल भोगने का कोई अधिकार नहीं है। तू कर्म तो कर, किन्तु फल की आशा मत कर। महाराज ने कहा कि बीजों बीज बबूल का तो आम कहा से आये, अब प्रश्न उठता है जब मिलना ही कम है तो फिर भगवान को क्यों माने या जब हर क्रियामा कर्म बिना फल दिये शांत नहीं होता तो फिर श्री भगवन की मध्यस्थता की क्या जरूरत है। श्री महाराज ने कहा कि मानव शरीर पंचतत्वों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आक. ाश) से बना है। ये जगत व मानव शरीर के बीच एक ऊर्जा है जिससे ये शरीर संचालित होता है, ये जो ऊर्जा रूपी चेतना तत्व है जिसके आत्मा की संज्ञा दी गयी है। शरीर जड है व नाशवान है और आत्मा चेतन है और अविनाशी है। शरीर के भीतर जो आत्मा है वही उस सर्वशक्तिमान सर्वव्यापक, सर्वोत्तम परमसत्ता का अंश और वही इस ब्रहांड का संच. ालन कर रहा है।

श्री महाराज ने दूर दराज व अन्य प्रदेशों से आये श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ट्रस्ट के अध्यक्ष ओम प्रकाश अरोडा, उपाध्यक्ष महेन्द्रपाल ढल्ल, महामंत्री प्रवीन वधावन, कोषाध्यक्ष अमित वत्ता एवं ज्वाइंट सेक्रेटरी सुभाष चन्द मल्होत्रा,ट्रस्टी सुदर्शन बजाज के अलावा समस्त संगत ने गुरू महाराज का आशीर्वाद लिया।

## दुकान में नकब लगा लाखों की नकदी पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर में एक किराना व्यापारी की दुकान में अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर गले में रखी लाखों रु की नगदी चोरी कर ली गई हैं। पीड़ित व्यापारी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल कर कार्यवाही कर में लग गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक नगर में विकास नगर मार्ग पर व्यापारी रोहित वितराणा की चीनी घी तेल की दुकान है। रोहित वितराणा रोजाना की तरह दुकान को बन्द कर के अपने घर चले जाते है।

बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा दुकान के छत के रास्ते दरवाजे तोड़कर दुकान के अंदर घुस गए और दुकान के गल्ले को खोलकर उस में रखी करीब 3 लाख रु की नगदी चोरी कर ली गई।चोरी की घटना का पता उस समय लगा जब व्यापारी सुबह को दुकान खोलने आया तो गल्ला खुला मिला और उसमें रखी नगदी गायब थी। व्यापारी ने कोतवाली पहुंचकर घटना के संबन्ध में पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

पुलिस घटना के संबन्ध में कार्यवाही मे लग गई है। कोतवाली प्रभारी सतपाल सिंह ने घटना के संबन्ध मे बताया कि अज्ञात में व्यापारी की तरफ से मुकदमा लिखवाया गया है । पुलिस जांच पड़ताल में लगी हुई हैं शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया जायेगा

## नशीली दवाइयों के साथ तस्कर पकड़ा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने एक शातिर आरोपी नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से डाइक्लोमाईन, हाइड्रोक्लोराइड, ट्रामाडॉल इंजेक्शन, एकटामाइनोफेन कैप्सूल व 720 रुपये बरामद किए गए हैं।

बतातें चलें कि एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। आज शनिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी की अगुवाई में पुलिस टीम ने सुल्तानपुर फिरोजाबाद रोड से पाँजबांगर वाले रास्ते पर जंगल ग्राम फिरोजाबाद से एक आरोपी नशा तस्कर वसीम पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम पटनी थाना चिलकाना को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

